के दौरान सरकार ने 63 प्राथमिक स्कूलों को खोलने, 38 प्राथमिक स्कूलों का स्तर मिडिल स्कूल तक करने, 38 मिडिल स्कूलों का स्तर हाई स्कूल तक करने तथा 29 हाई स्कूलों का स्तर उच्चतर माध्यमिक स्कूल तक करने की अधिसूचना जारी की थी । इन स्कूलों में से केवल एक राजपूतान वडेहरा नामक उच्चतर माध्यमिक स्कूल ऊना जिले में आंशिक रूप से कार्य कर रहा है ।

इन स्कूलों को खोलने तथा स्तरोन्नत करने की योजना के अंतर्गत पंचायतों तथा स्थानीय निकायों को भवन उपलब्ध कराने अपेक्षित हैं और केवल तभी ये स्कूल कार्य कर सकने की स्थिति में होंगे ।

Non-Fulfilment of Reserved Seats in Sangeet Natak Akademi

1342. SHRI VISHNU KANT SHASTRI :
SHRI JAGDISH PRASAD MATHUR :

Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state :

(a) whether it is a fact that several posts reserved for SC/ST in Sangeet Natak Akademi have not been filled; and

(b) if so, the reasons therefor ?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (DEPARTMENT OF EDUCATION AND DEPARTMENT OF CULTURE) (KUMARI SELJA) : (a) and (b) In the Sangeet Natak Akademi, out of the total sanctioned strength of 123 posts, 16 posts are filled by SC and two posts by ST. Seventeen posts, including two reserved for SC/ST, are lying vacant in the Akademi, mainly due to financial constraints.

पटना से दिल्ली संग्रहालय में चित्रों का लाया जाना

1343. **श्री शंकर दयाल सिंह** : क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार सुप्रसिद्ध चित्रकार स्वर्गीय श्री उपेन्द्र महारथी के चित्रों को पटना से दिल्ली लाने तथा उन्हें यहां संग्रहालय में रखने का विचार रखती है; और

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में अब तक क्या प्रगति हुई है और यदि नहीं तो इसके क्या कारण हैं ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग और संस्कृति विभाग) में उपमंत्री (कुमारी शैलजा) : (क) और (ख) प्रस्ताव विचाराधीन है ।

पाठ्य पुस्तकों का तैयार किया जाना

1344. **श्री शंकर दयाल सिंह** : क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार पाठ्य पुस्तकों का राष्ट्रीयकरण करने का विचार रखती है ताकि उन्हें केन्द्रीय निर्देशानुसार तैयार किया जा सके;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; और

(ग) पाठ्य पुस्तकें तैयार करने संबंधी कार्य किन-किन सरकारी अभिकरणों को सौंपा गया है और इस संबंध में पिछले तीन वर्षों के दौरान उनकी क्या-क्या उपलब्धियां रहीं ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग और संस्कृति विभाग) में उपमंत्री (कुमारी शैलजा) : (क) से (ग) सरकार का देश भर में स्कूल स्तर पर पाठ्य पुस्तकों के

राष्ट्रीयकरण का कोई प्रस्ताव नहीं है । वर्ष 1988 में प्रकाशित प्रारंभिक और माध्यमिक शिक्षा के राष्ट्रीय पाठ्येत्तर कार्य ढांचे और राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 1986 के अपनाए जाने के बाद प्रकाशित राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् की संशोधित स्कूल पाठ्यचर्या/पाठ्य पुस्तकें राज्य की सभी विषयों की पाठ्य पुस्तकें तथा स्कूल पाठ्यचर्या को संशोधित तथा अद्यतन बनाने के मामलों में अपनाने/अनुकूल बनाने के लिए व्यापक रूप से परिचालित किया था । इसका लक्ष्य देशभर के सभी स्कूल पाठ्यचर्या और पाठ्य पुस्तकों की एक समान पद्धति लाना था । राज्यों/संघ शासित प्रदेशों की पाठ्य पुस्तकों को बनाने और उनका वितरण करने की अपनी व्यवस्था होती है । कई राज्यों ने अपनी स्कूल पाठ्य पुस्तकों के निर्माण और वितरण का निरीक्षण करने के लिए अपने पाठ्य पुस्तक ब्यूरो अथवा बोर्डों का गठन किया है ।

उच्चतर शिक्षा के संबंध में, पाठ्य पुस्तकों के प्रकाशन की कोई केन्द्रीयकृत प्रणाली नहीं है । प्रत्येक विश्वविद्यालय शैक्षिक रूप से स्वायत्त है और वह अध्ययन के अपने पाठ्यक्रम निर्धारित करता है ।

Maths Question Paper of Class Tenth Exam of C.B.S.E.

1345. SHRI SHIV PRATAP MISHRA : Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) whether in view of the complaints of setting of question paper of class Tenth of C.B.S.E. Exam, 1993 out of course and similar complaints in the past Government propose to issue strict instructions to paper setters to adhere to the syllabus only;

(b) if so, the details thereof; and

(c) the steps Government propose to take to provide relief to students of Class tenth who took Maths paper this year ?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (DEPARTMENT OF EDUCATION AND DEPARTMENT OF CULTURE) (KUMARI SELJA) : (a) No, Sir As per information received from the Central Board of Secondary Education, there are standing instructions for all the paper setters to set the question papers from within the syllabus prescribed by the CBSE for Class X and Class XII Examinations conducted by the Board.

(b) Does not arise.

(c) Some complaints about the alleged toughness of question paper in Mathematics of Class X Examination conducted by the Board this year have been received. The question regarding standardising the marks in this subject, if necessary, would arise after examining the overall performance of the candidates.

Voluntary Organisations in District Kalahandi, Orissa

1346. SHRI BASANT KUMAR DAS: Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state :

(a) the number of Centrally assisted voluntary organisations operating in Kalahandi district of Orissa;

(b) the details of financial assistance given to them during the last three years, Organisation-wise:

(c) the estimated amount proposed to be sanctioned during the financial year 1993-94;

(d) whether any of them has received foreign assistance during